सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

# राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ बैठक की

**संख्या– 39**
11/01/2026

पटना 11 जनवरी, 2026 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री आरिफ मोहम्मद खां ने बिहार लोक भवन, पटना में बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की और महत्वपूर्ण निदेश दिये।

बैठक में राज्यपाल ने सभी कुलपतियों को माननीय उच्च न्यायालय एवं बिहार लोक भवन के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया। उन्होंने उन्नत भारत अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का निदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय पाँच–पाँच गाँवों को गोद ले। उन्होंने स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के कैलेण्डर के अनुपालन का भी निदेश दिया। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से जुड़े हुए बिहार विधान मंडल से संबंधित प्रश्नों के उत्तर हेतु अपेक्षित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव ने पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से बिहार में उच्च शिक्षा की स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विवरणी, समर्थ मॉड्यूल, अपार आई०डी०, विभिन्न वित्तीय मुद्दों आदि की भी समीक्षा की गई एवं आवश्यक निदेश दिये गए।

राज्यपाल की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में माननीय शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री राजीव रौशन, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो० गिरीश कुमार चौधरी, उच्च शिक्षा निदेशक प्रो० एन० के० अग्रवाल, बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

.........................................